दिनांकः 22.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- संसद का बजट सत्र आज से–वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन वर्ष 2023–24 का आर्थिक सर्वेक्षण करेंगी पेश।
- उच्चतम न्यायालय, नीट–यूजी मामले में दायर याचिकाओं पर आज करेगा आगे की सुनवाई।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भारत, वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने और विरासत संरक्षण प्रयासों में स्थानीय समुदायों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध।
- पहले सोमवार पर शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता–कावड़ यात्राएं शुरू।

---------------

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। 12 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में 16 बैठकें होंगी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन कल केन्द्रीय बजट 2024–25 पेश करेंगी। इससे पहले, वित्तमंत्री आज संसद में वित्तीय वर्ष 2023–24 का आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत करेंगी। वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉक्टर वी. अनंत नागेश्वरन की देख–रेख में सर्वेक्षण दस्तावेज तैयार किया गया है। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किये जाने के बाद मुख्य आर्थिक सलाहकार आज मीडिया को संबोधित करेंगे। आर्थिक सर्वेक्षण, अर्थव्यवस्था की स्थिति, संभावनाओं और नीतिगत चुनौतियों का विस्तृत ब्यौरा देता है। यह अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के विश्लेषण के साथ रोजगार, सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि, मुद्रास्फीति और बजट घाटे से संबंधित डेटा उपलब्ध कराता है।

000

केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार संसद में किसी भी विषय पर खुले मन से चर्चा के लिए तैयार है। कल नई दिल्ली में सरकार द्वारा दोनों सदनों की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद उन्होंने कहा कि संसद की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करना सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। श्री रिजिजू ने बहुमूल्य सुझाव देने के लिए विभिन्न दलों के नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और बजट सत्र के सुचारू संचालन के लिए सबसे सहयोग का अनुरोध किया।

---------------

राज्य विधानसभा की आज की कार्यवाही के तहत प्रश्नकाल में उद्योग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता, राजस्व, खाद्य और आपूर्ति, जनजातीय क्षेत्रीय विकास, वन, सहकारिता और ऊर्जा विभाग से संबंधित प्रश्न होंगे। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत विधायक फूल सिंह मीणा, उदयपुर ग्रामीण क्षेत्र के जेबीएच अस्पताल और महाविद्यालय के भवन निर्माण के अनियमितताओं से जुड़ा मुद्दा उठाएंगे। वहीं विधायक प्रताप सिंह सिंघवी छीपा बड़ौद तहसील में परवन वृहद सिंचाई परियोजना, अकावद के डूब क्षेत्र से प्रभावित गांवों को पूर्ण डूब क्षेत्र में शामिल करने और उचित मुआवजा दिलाने के संबंध में जन संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे। विधानसभा में प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विभिन्न विश्वविद्यालयों के वार्षिक प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे। इसके अलावा जल संसाधन और वन एवं पर्यावरण विभाग से जुड़ी अनुदान मांगों पर भी विचार और मतदान होगा।

---------------

उच्चतम न्यायालय नीट यूजी मामले में दायर याचिकाओं पर आज आगे की सुनवाई करेगा। पिछली सुनवाई में अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए को सभी अभ्यर्थियों के परिणाम शहर और केन्द्रवार अपलोड करने के आदेश दिये थे। शनिवार को इसकी पालना हो गई। गौरतलब है कि पांच मई को हुई नीट यूजी परीक्षा में पेपर लीक जैसी कथित गड़बड़ियां पाई गई थीं।

---------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने और विरासत संरक्षण प्रयासों में स्थानीय समुदायों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत की विरासत केवल इतिहास नहीं बल्कि विज्ञान भी है। श्री मोदी कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। भारत पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेजबानी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि भारत, यूनेस्को विश्व धरोहर केंद्र के लिए दस लाख डॉलर का योगदान देगा। इस अनुदान का उपयोग क्षमता निर्माण, तकनीकी सहायता और विश्व धरोहर स्थलों के संरक्षण के लिए किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत ने आधुनिक विकास के नए आयाम छुए हैं और अपनी विरासत को संरक्षित करने के लिए अभूतपूर्व कदम भी उठाए हैं।

------------

सावन माह की शुरूआत के साथ ही कावड़ यात्राएं शुरू हो गई हैं। बड़ी संख्या में कावड़िये पवित्र सरोवरों का जल लाकर शिवजी का अभिषेक कर रहे हैं। भक्त बम बम भोले के जयकारों के साथ मंदिर पहुंच रहे हैं। सावन का पहला सोमवार होने के कारण आज विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। जयपुर के ताडकेश्वर और झाड़खंड महादेव मंदिर में भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया जा रहा है। सवाईमाधोपुर के शिवाड़ स्थित घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में आज से सावन महोत्सव शुरू हो गया है।

------------

पाली के सोमनाथ मंदिर में भगवान शिव का फूल, धतूरा और बिल्वपत्र से विशेष श्रृंगार किया गया है। भरतपुर में सभी छोटे–बड़े शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का दूध, गंगाजल, इत्र, फूलों और फलों से अभिषेक किया जा रहा है। हनुमानगढ़ में सावन को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। महिलाएं श्रंगार कर भगवान की आराधना कर रही हैं। कोटा में शहर के स्वयंभू नीलकंठ महादेव मंदिर, शिवपुरी धाम थेकड़ा, गोदावरी धाम, चंद्रेसल मठ, ऋण मुक्तेश्वर महादेव, भीतरीया कुंड, मोटे महादेव, गौ कर्णेश्वर महादेव मंदिरों में अनुष्ठान के आयोजन हो रहे हैं। जैसलमेर में सोनार दुर्ग स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर में अलसुबह महादेव का अभिषेक किया गया। हमारे दौसा संवाददाता ने बताया कि नीलकंठ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण मेले जैसा माहौल नजर आ रहा है।

---------------

प्रदेश में पिछले 24 घंटों राजधानी जयपुर के कुछ क्षेत्रों सहित विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। बूंदी में कल कई जगह मूसलाधार बरसात दर्ज की गई। वहीं जैसलमेर और बालोतरा में कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज से मॉनसून के फिर से सक्रिय होने के कारण बारिश की गतिविधियों में बढोतरी होगी। कोटा, उदयपुर, जयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग में आज कहीं–कहीं भारी बारिश का अलर्ट है। कल एक दो स्थानों पर अति भारी बारिश की संभावना है। वहीं जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियों में बढोतरी के आसार हैं।

---------------